दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू

सत्र 2022-2023

अभ्यास कार्य पत्र (1)

कक्षा-छठी **विषय -हिंदी**

कुल अंक-20

प्रश्न 1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यान से पढ़ें और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- **(अंक 5)**

गुरुकुल में पढ़ने वाले छात्रों की पढ़ाई पूरी होने पर एक दिन गुरूजी ने सभी छात्रों को मैदान में इकट्ठा होने के लिए कहा। सभी शिष्य मैदान में आकर खड़े हो गए। गुरूजी ने उनसे कहा, प्रिय शिष्यों मैं चाहता हूँ कि यहाँ से जाने से पहले आप सब एक बाधा दौड़ में भाग लें। इस दौड़ में आपको एक अँधेरी सुरंग से गुजरना होगा। सभी शिष्य सुरंग से गुजरे जहाँ जगह-जगह नुकीले पत्थर पड़े थे। दौड़ पूरी होने पर गुरूजी ने कहा, कुछ शिष्यों ने दौड़ जल्दी पूरी कर ली और कुछ ने बहुत अधिक समय लगा दिया, भला ऐसा क्यों? कुछ शिष्यों ने जवाब दिया कि रस्ते में नुकीले पत्थर थे जिन्हें हम चुनकर जेब में रखते जा रहे थे ताकि पीछे आने वालों को पीड़ा न हो। गुरूजी ने उन सभी शिष्यों को बुलाया जिन्होंने चुने थे और जिन्हें तुम पत्थर समझ रहे, वे वास्तव में बहुमूल्य हीरे हैं जिन्हें मैंने सुरंग में डाला था। ये हीरे तुम सबका उपहार है क्योंकि तुमने दूसरों की पीड़ा को समझा। यह दौड़ जिंदगी की सच्चाई

को बताती है कि सच्चा विजेता वही है जो इस दौड़ती दुनिया में दूसरों का भला करते हुए आगे बढ़ता है।

(क) गुरूजी ने शिष्यों को कहाँ बुलाया था?
(ख) शिष्यों को सुरंग में किस कठिनाई का सामना करना पड़ा?
(ग) गुरूजी ने शिष्यों को क्या दिया?
(घ) यह दौड़ जिंदगी की कौन-सी सच्चाई बताती है?
(ड़) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

प्र.2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 20 से 25 शब्दों में लिखिए:- (अंक 8)

क. छोटी चिड़िया जल का मोती कैसे ले जाती है ? जल का मोती क्या है ?

ख. पाठ बचपन के आधार पर लेखिका में क्या-क्या बदलाव आए हैं?

ग. विश्वामित्र की बात सुनकर राजा दशरथ की क्या स्थिति हुई ?

घ. विश्वामित्र कौन थे ? वे राजा दशरथ के पास क्यों आए ?

प्र. 3. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए- (अंक 2)

1. विजन
2. रुचि से

प्रश्न 4. कवि ने चिड़िया को छोटी, संतोषी, मुँहबोली और गर्वीली चिड़िया क्यों कहा है ? अपने विचार 50 से 60 शब्दों में प्रकट करें। (अंक 3)

प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (अंक 2)

क. भाषा के कितने रूप हैं ? नाम लिखिए।

ख. हिंदी भाषा की लिपि लिखिए ?

नोट- अभ्यास कार्य जमा कराने की अंतिम तिथि : 13-05-2022